भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1123
शुक्रवार, 28 जून, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

पृथ्वी विज्ञान

1123. श्री एच॰ वसंतकुमारः

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय छात्रों और आम जनता के बीच "पृथ्वी विज्ञान" के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने वाला है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) क्या मंत्रालय ने पृथ्वी वैज्ञानिकों के विस्तृत समुदाय के बीच शोध और विचारों के तेजी से आदान-प्रदान के लिए किसी भी कार्यक्रमका संचालन/शुभारंभ किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है औरइस संबंध में धन आवंटन का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) जी हां।

(ख) मंत्रालय छात्रों/आम जनता और सामान्य उपभोक्ता समुद्रायों के बीच पृथ्वी विज्ञान की गतिविधियों के बारे में प्रदर्शनियों/मेलों के माध्यम से जागरुकता को बढ़ावा देता है। स्कूल, कालेज और विश्वविद्यालय के छात्रों की भागीदारी के साथ "पृथ्वी दिवस" और "ओजोन दिवस" मनाए जाते हैं। मंत्रालय प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ऑलपियाड आयोजित करने के लिए भी सहायता देता है।

(ग) वर्तमान में, भू वैज्ञानिकों के विस्तृत समुदाय के बीच अनुसंधान परिणामों तथा नूतन विचारों के शीघ्र आदान-प्रदान के लिए मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सेमिनारों/संगोष्ठियों/कार्यशालाओं के आयोजन के लिए सहायता दी जाती है।

(घ) सरकार ने वर्ष 2017-2020 की अवधि के लिए आउटरीच और जागरूकता कार्यक्रम के लिए कुल 25.23 करोड़ रु. की निधियों का अनुमोदन किया है जिसमें उक्त गतिविधियों की निधियां भी शामिल है।

*****